# जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के तत्वावधान में 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन।

समाज जागरण सत्य प्रकाश नारायण जिला संवाददाता/धनंजय कुमार विधि संवाददाता

औरंगाबाद ( बिहार ) जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के तत्वावधान में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में तथा अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर में किया गया। इस राष्ट्रीय लोक का मुख्य उद्घाटन समारोह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के सभागार में किया गया जिसमें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव, प्रणव शंकर, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अमित कुमार, जिला विधि संघ के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह, लोक अभियोजक श्री पुष्कर अग्रवाल, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री सुकूल राम के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में न्यायिक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण अन्य विभागो के पदाधिकारीगण तथा बहुत संख्या में वादकारीगण उपस्थित रहें। पुरे कार्यक्रम का संचालन रिटेनर श्री अभिनन्दन कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आगंतुको का स्वागत अभिभाषण अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी श्री योगेश कुमार मिश्र ने किया। तथा कार्यक्रम में अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन न्यायिक दंडाधिकारी श्री सुदीप पांडेय ने किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने लोगों को लोक अदालत का महत्व एवं फायदे के विषय में लोगों को बताया और लोगों से अधिक से अधिक इस अवसर का लाभ उठाने हेतु अपील किया। अपने संबोधन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर ने कहा कि आज राष्ट्रिय लोक अदालत का आयोजन जन कल्याण के लिए किया गया हैं, क्योंकि लोक अदालत एक ऐसा माध्यम है जिसमें न तो किसी की हार होती हैं न ही किसी की जीत होती हैं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अमित कुमार ने बीमा कंपनियों से अपील किया कि वे खास कर के इस अवसर पर किसी का सहारा बने क्योंकि आपके द्वारा प्रदत मुआवजा राशि किसी परिवार की विकास प्रगति की रीढ हो सकती हैं वही लोक अभियोजक श्री पुष्कर अग्रवाल ने बीमा कंपनियों एवं बैंक के पदाधिकारियों से कहा कि आज के दिन आप सभी वाद के ज्यादा तकनीकी चीजों पर ध्यान न दे बल्कि जन कल्याण हेतु जितना हो सके लोगों को लाभ पहुचाये। विधि संघ के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी सिंह ने कहा कि लोक अदालत से मैं तब से जुडा हु जबसे इसकी परिकल्पना हुई है तथा बार हमेशा कदम से कदम मिलाकर वादों के निष्पादन में सहयोगा करता आया हैं।

**23 साल पुराने मामले समेत कई दशको पुराने मामलें का भी हुआ निस्पादन।**

यह राष्ट्रीय लोक अदालत कई मामलें में अविष्मरनीय रहा इस लोक अदालत में जहा अपने वाद के निष्पादन में अपने कई रिकार्ड को तोडते हुए एक नया मिल का पत्थर स्थापित कियो वही जिला विधिक सेवा प्राधिकार, न्यायालय, अधिवक्तागण के प्रयास से दर्जनों ऐसे मामले का निष्पादन हुआ जो



दसको पुराने थे जिनमें जी0 आर0 1901 मदनपुर थाना कांड सं0 02/2021 का मामला 23 साल पुराना था जो बेहद ही छोटे अपराध का था तथा उक्त वाद में सूचक रामनंदन सिंह के द्वारा गाड़ी में तोड-फोड़ हेतु दस अभियुक्तों के विरूद्ध दर्ज कराया गया था जिनमें दो अभियुक्तो की मृत्यु भी हो चुकी थी ऐसे अन्य केसो में जी 0 आर0 5303, 1044/05, 1069/05, 702/06, 1245/06, 1659/06, 810/05 आदि कई ऐसे मामले रहे जो इस लोक अदालत में निस्पादित हुए। और पक्षकारों में संतोष और उत्साह का भाव दिखा राष्ट्रीय लोक अदालत में 2537 वाद का निष्पादन के साथ कुल14.42 करोड़ का समझौता कराया गया

राष्ट्रीय लोक अदालत में आज मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित 10 वादों में कुल 53.75 लाख रुपए का समझौता कराया गयो जिसमे सभी की भूमिका बेहद ही सराहनीय रही पारिवारिक मामलें से सम्बन्धित 10 वाद, आपराधिक सुलहनीय मामलें से सम्बन्धित 350 वाद, एन आई एक्ट के 07, मामलों में 21.60 लाख का समझौता, मनीसूट 01 वाद टेलीफोन के 09 मामलों में 19 हजार का समझौता, माप तौल 03 मामलों में 10500 रुपए इसके साथ साथ अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय से सबन्धित 479 वाद तथा बैंक ऋण से सम्बन्धित 1671 मामलें का निस्तारण करते हुए कुल 13.66 करोड़ रुपए पक्षकारो को राहत दिया गया इस तरह कुल 2537 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल लगभग 14.42करोड़ रुपए का समझौता कराया गया जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ो के साथ-साथ पिछले बड़े रिकॉर्ड से डेढ़ गुना से भी ज्यादा वादों का निष्पादन का रिकॉर्ड है

बेंच वार न्यायालय से जुडें वादों की निष्पादन सं0-बेंच सं0.-01- 20, बेंच सं0.-03-50, बेंच सं0.-04-56, बेंच सं0.- 05-26, बेंच सं0.-06-04, बेंच सं0.-07-42 बेंच सं0.- 08-49,बेंच सं0.- 09-44 के अतिरिक्त दाउदनगर तीनों बेंचों में 84 न्यायालय से संबंधित वादों का निष्तारण हुआ तथा बेच सं0 -02 बैंक से संबंधित थे।

साल के पहले लोक अदालत में रिकार्ड वादों के निष्पादन पर प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर ने कहा कि पिछले रिकार्ड कोर्ट में वाद 266 निष्पादित था जो इस बार 378 हैं जो लगभग डेढ गुणा से ज्यादा हैं जो एक बहुत बडी उपलब्धि हैं जिसमें माननीय निरीक्षी न्यायाधीश पटना उच्च न्यायालय श्री राजीव राय का निर्देश और जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव का मार्गदर्शन से यह संभव हो पाया हैं जिसमें सभी न्यायिक पदाधिकारियों, वादकारियों, अधिवक्ताओं एवं लोक अदालत से जुडें समस्त लोगों को भूमिका अति सराहनीय रहा है,सभी को बहुत- बहुत बधाई एवं धन्यवाद।

# स्वर्गीय बृजनंदन प्रसाद सिन्हा गुरु जी के प्रथम पुण्यतिथि पर मगही पुस्तकालय का किया गया उद्घाटन- पूजा ऋतुराज

समाज जागरण, विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददात्ता, बिहार- प्रदेश

स्वर्गीय बृजनंदन प्रसाद सिन्हा उर्फ गुरु जी के प्रथम पुण्यतिथि पर विद्यापुरी कंकड़बाग पटना स्थित आवास में मगही पुस्तकालय का विधिवत तरीके से उद्घाटन, पटना विश्वविद्यालय इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष व ए एन सिन्हा इंस्टिट्यूट के पूर्व निदेशक प्रसिद्ध विद्वान मगही मंडल के अध्यक्ष प्रोफेसर युवराज देव प्रसाद ने किया . वही कार्यक्रम की अध्यक्षता मगही मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष व पटना विश्वविद्यालय भूगोल विभाग के पूर्व प्राध्यापक प्रोफेसर रामनंदन प्रसाद सिन्हा ने किया . इस मौके पर मगही कवियों द्वारा कविता प्रस्तुत किया गया . कार्यक्रम का संचालन टीपीएस कॉलेज के पूर्व प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने किया. वही समापन भाषण मगही भाषा के कवियत्री सह समाज सेविका पूजा ऋतुराज ने किया ' इस दौरान काफी संख्या में कवियत्री व लेखक सहित अन्य लोग उपस्थित थे '



## अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद जिले के देव थाना के पुलिस ने थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में 140 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब तथा शराब निर्माण में उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री, बर्तन आदि बरामद जप्त किया गया। साथ ही करीब 2400 लीटर जावा महुआ पास एवं 02 अवैध शराब भट्ठी को यथास्थान विनष्ट किया गया। कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।



## उत्तराखंड के श्रद्धालु पुष्पांजलि सिंह सपरिवार के साथ मां तारा नगरी केसपा पहुंचकर भगवान गौतम बुद्ध व मां तारा देवी की किया पूजा अर्चना

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

गया ( बिहार ) उत्तराखंड के श्रद्धालु पुष्पांजलि सिंह सपरिवार के साथ मां तारा देवी की नगरी केसपा पहुंचकर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा एवं मां तारा देवी की पूजा अर्चना किया बताते चलें कि मां तारा देवी की नगरी केसपा में पर्यटकों की भीड़ बढ़ती जा रही है। विगत कुछ माह से केसपा ग्राम में देश के विभिन्न राज्यों एवं विदेशों से भी श्रद्धालु माँ तारा देवी मंदिर एवं भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा का दर्शन करने आ रहे हैं। आज उत्तराखंड के श्रद्धालु पुष्पांजलि सिंह अपने परिवार के साथ केसपा गांव का भ्रमण किया। सर्वप्रथम उन्होंने मां तारा देवी मंदिर में पूजा अर्चना किया ,उसके पश्चात ग्रामीण अरुण शर्मा, श्याम कृष्णा और विक्रम कुमार ने उन्हें गांव का भ्रमण कराया ,एवं गांव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से परिचित कराया। भगवान गौतम बुद्ध की आदमकद प्रतिमा एवं उनके आसन के लिए उपयोग किए गए पत्थर के बने हुए कमल के फूल को देखकर अचंभित रह गए। पुष्पांजलि सिंह देश के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर शोध कार्य कर रही है, एवं उन्होंने केसपा ग्राम को राष्ट्रीय स्तर पर लाने का आश्वासन दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा है कि, सरकार से उपेक्षित होने के बावजूद भी केसपा गांव में पर्यटकों की भीड़ बढ़ रही है। प्रशासन द्वारा केसपा गांव को एक पर्यटक स्थल के रूप में चयनित किया है, लेकिन उसके बावजूद भी पर्यटक विभाग द्वारा निर्देशित भक्तजनों के लिए शीतल आर ओ जल एवं स्वच्छता के लिए साइन बोर्ड भी उपलब्ध नहीं हो सका है। केसपा गांव में पर्यटन की असीम संभावना है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्तर पर केसपा ग्राम में माँ तारा महोत्सव की शुरूआत करनी चाहिए।



## नीतीश सरकार की सुशासन व्यवस्था में नीतीश सरकार के नेता गोली के निशाने पर।

*जदयू के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के घर के दरवाजे पर अपराधियों ने मारी गोली,*

*अधिक खून बहने के कारण हुई मौत, छानबीन में जुटी पुलिस घटनास्थल से खोखा हुआ बरामद।*

समाज जागरण,राकेश कुमार मिश्रा सहायक प्रभारी मगध प्रमंडल सह ब्यूरो चीफ गया।

गया ( बिहार ) मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भूसुंडा इलाके का बहोरा बिगहा में गया जिला जनता दल यू के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की सशस्त्र अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना शुक्रवार की देर रात लगभग 10:00 बजे की है। जब जदयू नेता एक बर्थडे पार्टी से अपने घर लौट रहे थे, तभी अपराधियों ने उनके घर के दरवाजे पर ही गोली मारकर मौत की नींद सुला दी।

घटना की सूचना मिलते ही देर रात एसएसपी आशीष भारती घटनास्थल पर पहुंचे, और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने उनके एक रिश्तेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना का कारण भूमि विवाद बताया जा रहा है। घटनास्थल पर से चार खोखा बरामद किया गया है। पुलिस के टेक्निकल सेल की टीम घटनास्थल पर अपराधियों की छानबीन करने में जुटी है। अपराधियों ने जदयू नेता पर 5 राउंड गोलियां चलाकर छलनी कर दिया। जदयू नेता को इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद जदयू नेताओं में काफी आक्रोश है। जदयू नेताओं ने पुलिस प्रशासन से अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रही है। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घर पर मातम पसरा हुआ है जदयू नेता की माता पत्नी और पुत्री दहाड़ मार कर रो रही है।



## नेहरू युवा केंद्र,औरंगाबाद द्वारा कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार यादव संवाददाता मदनपुर

औरंगाबाद (बिहार) मदनपुर प्रखंड स्थित द परफेक्ट स्टडी सेंटर में नेहरू युवा केंद्र औरंगाबाद के तत्वधान में अतुल्य एजुकेशनल फाउंडेशन के द्वारा




एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद मदनपुर विकास कुमार , प्रखंड समाजसेवी उदय शिकारी, कुशल युवा कार्यक्रम के प्रखंड समन्वयक अखिलेश कुमार यादव, धनंजय कुमार , बैजनाथ कुमार, आलोक कुमार सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया! कार्यक्रम में शामिल अतिथियों द्वारा युवाओं के कैरियर को लेकर मार्गदर्शन किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि युवा स्कूल और महाविद्यालय की शिक्षा को ग्रहण तो करते हैं लेकिन उन्हें यह पता नहीं होता कि आगे चलकर उन्हें बनना क्या है? आवश्यक है कि पहले सभी युवा को अपने लक्ष्य को निर्धारित करना होगा तत्पश्चात लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पुरी लगन के साथ मेहनत करना होगा तभी वो अपने जीवन मे सफल व्यक्ति बन सकते हैं। इस कार्यकर्म के दौरान शिक्षक जयप्रकाश कुमार, अभिमन्यु शर्मा , वैधनाथ चौधरी , दीपक प्रियदर्शी, युवाओं में सचिन , आयुष, धीरज, हिमांशु,रवि, खुशी, रेशमा, अंजली सहित अलग -अलग युवा मंडल से आऐ 80 युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## समर्पण दिवस पर भाजपा कार्यकताओं ने मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि, कार्यसमिति की बैठक संपन्न

समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) समर्पण दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल कुटुंबा कार्यसमिति की बैठक शनिवार को दोमुहान स्थित भगवान भास्कर के मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर बैठा ने किया। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया और उपस्थित लोगों ने वंदे मातरम गीत गाया। अध्यक्ष परमेश्वर बैठा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए गए सिद्धांतों पर चलकर ही हमारा देश आज विश्व में ऊंचाइयों के शिखर को छू रहा है। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक एवं संगठनकर्ता थें। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे हैं। उन्होंने भारत में सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप से प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। मानववाद के सिद्धांत पर आज हमारी पार्टी गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। जिसमें करोड़ों असहायों को आवास, उज्जवला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि इत्यादि योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वे समावेशित विचारधारा के समर्थक थें जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थें। राजनीति के साथ साहित्य में भी उनकी गहरी अभिरुचि थी। उन्होंने हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में कई लेख लिखे हैं।



प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह ने कार्यसमिति को संबोधित करते हुए सरल ऐप इंस्टॉल करने एवं डाटा संकलन करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, महामंत्री रामाश्रय सिंह, डॉ. रामलखन विश्वकर्मा, जग नारायण पांडे, अखिलेश सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, आनंद कुमार सिंह, रोहित कुमार वर्मा, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र पासवान, सत्येंद्र चौहान, अरविंद सिंह, सुरेश ठाकुर, अशोक कुमार रवि आदि दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

## गयाजी डैम को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए डैम के तल की होगी सफाई -जिलाधिकारी।

### *डैम में भंडारित जल को कल से छोड़ा जाएगा।*

समाज जागरण , राकेश कुमार मिश्र सहायक प्रभारी मगध प्रमंडल सह ब्यूरो चीफ गया।

गया (बिहार ) देश के सबसे बड़े रबर डैम को पूरी तरह से पूरे साल स्वच्छ और सुंदर रखने की कवायद तेज कर दी गई है, रबड़ डैम की तलहटी में जमे गाद को निकाला जाएगा। साथ ही इसमें गिरने वाले नालों को भी बंद कर जाएगा। पूर्व में सिर्फ एक ही नाले को बंद किया गया था। रबड़ डैम का पानी स्वच्छ व साफ रहे अब इस मसले पर काम आज से शुरू हो जाएगा। उक्त बातें समाहरणालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने कहीं उन्होंने कहा कि फल्गु नदी के पूर्वी व पश्चिमी तट पर प्रवाहित नालों को कंडी नवादा के पास गिराया जाएगा, जहां पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का प्रस्ताव है। पानी फिल्टर कर पुनः डैम में ही गिरेगा। जल संसाधन विभाग ने काम के लिए एक नई योजना तैयार की है। इस काम की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। पहले डैम के तल की सफाई होगी। ताकि बरसात के दिनों में पानी के साथ आने वाली गंदगी, गाद,मिट्टी जो डैम की तलहटी में जमा है उसे दूर किया जाएगा। इसके बाद फल्गु नदी के पूर्वी तट पर स्थित सीता कुंड के पास गिरने वाले बड़े-बड़े नाले को अंडरग्राउंड किया जाएगा।मसलन उन्हें डैम में नहीं गिरने दिया जाएगा। सभी नालों का मुंह डैम से दूर ले जाकर खोला जाएगा। जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह ने बताया कि योजना तैयार है। 411 मीटर लंबे और 3 मीटर ऊंचे डैम को खूबसूरत और पानी को शुद्ध रखने के लिए सीसी ब्लॉक लगाया जाएगा जिससे कि डैम का पानी गंदा नहीं होगा। एक साथ सभी काम नहीं जाएंगे। निर्माण के अलावा डैम की सफाई, अंडर ग्राउंड नाला का निर्माण के अलावे सीता पथ का निर्माण,डैम के पास बाउंड्री वॉल बनाया जाएगा।



इस काम में 2 से 3 महीने लग सकते हैं। उन्होंने बताया कि डैंप में पड़े अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए नदी का पानी छोड़ना आवश्यक है। डैम के दोनों किनारे घाट का विस्तार भी होगा घाटों को सुंदर बनाने के लिए कवायद तेज कर दी गई है सीता कुंड को जाने वाले सीता पथ को बेहतर बनाने का काम होगा जल संसाधन विभाग ने इस काम के लिए कमर कस लिया है उन्होंने दावा किया कि रबड़ डैम में सालों भर पानी रहेगा और इसका लाभ गया जी आने वाले पिंडदानियों को जरूर मिलेगा। जिससे वह अपने पूर्वजों के आत्मिक शांति के लिए इस जल से तर्पण कर सकेंगे।

## दो बोतल अंग्रेजी शराब के साथ स्कार्पियो सवार छह युवक गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) कुटुंबा थाने की पुलिस ने शुक्रवार की रात गश्ती के दौरान मटपा रोड कच्ची नहर पुल के पास से दो बोतल अंग्रेजी शराब के साथ लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही पु.अ.नी. शिव कुमार सिंह ने की। उन्होंने बताया कि स्कॉर्पियो पर सवार होकर उक्त रास्ते से गुजर रहे थे। गिरफ्तार युवकों की पहचान गढ़वा जिला अंतर्गत रमकंडा निवासी अकाश कुमार, अंकित कुमार, प्रीतम ठाकुर, विवेक कुमार, गौतम ठाकुर, मकसूद अंसारी के रूप में हुई है। मध निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## अंग्रेजी शराब के साथ तीन युवक गिरफ्तार, बोलेरो जप्त

दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) अम्बा थाने की पुलिस ने गुरुवार को गस्ती के दौरान संडा बालूगंज रोड स्थित भलुवाड़ी कला गांव से 750 एम एल रॉयल स्टैग व्हिस्की की एक बोतल शराब के साथ तीन युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही थाना अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने की। उन्होंने बताया कि तीनों शराबी सफेद रंग की बोलेरो रजिस्ट्रेशन नंबर इफ01ढड 5275 पर सवार होकर उक्त रास्ते से जा रहे थे। संदेह के आधार पर गाड़ी की जांच की गई तो उसमें से एक बोतल भरी शराब बरामद। युवकों की पहचान मोहम्मदपुर गांव निवासी पवन कुमार, जहानाबाद जिले के सोनवा गांव निवासी अजीत कुमार, अलावलपुर कुरथा) गांव निवासी मुकेश पासवान के रूप में हुई है। मध निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई आठ दिवसीय संगीतमयी श्री शिव महापुराण कथा की अमृत वर्षा

समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) रमण बिहारी नर नारायण गौ सेवा ट्रस्ट (वृंदावन धाम) के तत्वाधान में कुटुंबा गोवास स्थित श्री बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में आठ दिवसीय संगीतमयी श्री शिव महापुराण कथा की अमृत वर्षा प्रवचन का शुभारंभ शनिवार को हुआ। इस दौरान भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विद्वान पंडितों के देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ खैरो पोखरा से जलभरी कर बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण पहुंचे।



कथा व्यास परम श्रद्धेय अनुराग कृष्ण जी महाराज (पगड़ी वाले बाबा) के द्वारा संध्या छः बजे से रात्रि 10:30 बजे तक कथावाचन किया जाएगा। 11 फरवरी से 18 फरवरी 2023 तक कथा वाचन के पश्चात 19 फरवरी को महा आरती, महाप्रसाद वितरण, हवन पूणार्हुति, एवं विशाल प्रसाद वितरण किया जाएगा। सुंदर और आकर्षक झांकी, लीला, मयूर नृत्य प्रतिदिन कथा कार्यक्रम के बीच में प्रसंग के अनुसार होता रहेगा।

## गोह में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि मनाई गई।

समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार) गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय गोह में शनिवार को समाजिक कार्यकर्ता ओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया है। भाजपा कार्यालय में उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह एवं संचालन रामप्रवेश मिश्रा ने किया है। मंडल उपाध्यक्ष ने कहा कि उनके बताए हुए मार्ग पर हम सभी लोग चलने का संकल्प लिया है। इस मौके पर सचिन चंद्रवंशी मनु पासवान नंदू पासवान सुमन पासवान बबन उपाध्याय संजीव चंद्रवंशी मोहनलाल मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे।



# बीपीएससी 68 वी संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर जिला पदाधिकारी वरीय पुलिस अधीक्षक के संयुक्त अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारीयो के साथ किया गया ब्रीफिंग( समीक्षा) बैठक

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

गया (बिहार) 68वी संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा ( बीपीएससी) के सफल आयोजन एवं संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सभी केंद्र अधीक्षकों तथा स्टैटिक दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग किया गया। बताते चलें कि बीपीएससी की परीक्षा 12 फरवरी 2023 को दोपहर 12:00 से अपराहन 2:00 बजे तक निर्धारित है। इस परीक्षा हेतु जिले में कुल 15 सेंटर बनाए गए हैं तथा कुल 10392 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु 36 स्टैटिक दंडाधिकारी, 15 महिला दंडाधिकारी, 8 जोनल दंडाधिकारी तथा 5 सुपर जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।परीक्षा में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यह परीक्षा काफी संवेदनशील परीक्षा है, सरकार की जो भी गाइडलाइन है उसे पूरी तरह पालन कराया जाना आवश्यक है . बिहार राज्य के टॉप मोस्ट एग्जाम में से यह एक एग्जाम शामिल है. उन्होंने आगे कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने परीक्षा सेंटर पर निर्धारित समय में हर हाल में पहुंचकर अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करेंगे।जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को सुबह 9:30 बजे से 1:11 बजे तक है परीक्षा भवन में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 11:00 बजे के बाद किसी भी हाल में परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों में जैमर लगाया गया है, ताकि परीक्षा में गड़बड़ी काफी हद तक रोकी जा सके। दिव्यांग परीक्षार्थियों को अलग परीक्षा कमरे में बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी केंद्र अधीक्षक पोस्टर बैनर लगाकर परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर प्रदर्शित करेंगे। पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम से लगातार घोषणा करते रहेंगे कि निर्धारित समय में सभी परीक्षार्थी परीक्षा भवन में प्रवेश कर लेंगे। परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर ही परीक्षार्थियों को अच्छी तरीके से फ्रिस्किंग किया जाएगा तथा इसकी मॉनिटरिंग भी की जाएगी।सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के दिन वीक्षकों का परीक्षा कक्ष आवंटन स्टैटिक दंडाधिकारी की उपस्थिति में सुबह 10:15 पर रेंडमाइजेशन तरीके से किया जाना है।जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थियों के पास केलकुलेटर मोबाइल ब्लूटूथ इलेक्ट्रॉनिक पेन पेजर स्मार्ट वॉच सामान्य घड़ी इत्यादि जैसे इलेक्ट्रॉनिक




सामग्री नहीं ले जाने की अनुमति है। उन्होंने कहा कि मारकर / ब्लेड/ इरेजर का प्रयोग करने पर उत्तर सही हो या गलत, दंड स्वरूप नेगेटिव मार्किंग दी जाएगी।कदाचार करते हुए पाए जाने की स्थिति में इस परीक्षा सहित आगामी 5 वर्षो के लिए आयोग की परीक्षाओं में भाग लेने से वंचित किया जाएगा तथा परीक्षा से संबंधित भ्रामक एवं सनसनीखेज अफवाह फैलाने की स्थिति में 3 वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जाएगा तथा इसकी सूचना सभी विभिन्न आयोगों को दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सभी परीक्षा कमरों में दीवार घड़ी लगाई जाएगी। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त स्टैटिक दंडाधिकारी संबंधित जोनल दंडाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि केंद्र अधीक्षक को छोड़कर किसी भी विक्षत कर्मी तथा अन्य पदाधिकारी के पास परीक्षा अवधि में मोबाइल फोन ना रहे। केंद्र अधीक्षक के पास केवल कीपैड मोबाइल ( केवल बात करने वाली मोबाइल) ही रहेगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ पर्याप्त रोशनी की भी व्यवस्था रखी जाएगी।उक्त परीक्षा के दौरान जिला नियंत्रण कक्ष समाहरणालय परिसर में चालू रहेगा .जिसके वरीय प्रभार में श्रीमती आरोप वरीय उप समाहर्ता रहेंगे तथा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0631 2222634 है।परीक्षा के सफल संचालन कराने के उद्देश्य से उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा प्रारंभ होने से पहले तथा परीक्षा समाप्ति के बाद यातायात व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिए अभी से ही वर्क प्लान तैयार कर लें। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुरुष तथा महिला परीक्षार्थियों का फ्रिस्किंग गुणवत्ता पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि गया कॉलेज में काफी अधिक संख्या में परीक्षार्थियों को शामिल किया जाता है। इसके लिए गया कॉलेज के गेट के समीप समेकित रूप से भवन वार साइनेज लगाएं ताकि परीक्षार्थियों को किस भवन में जाना है उसके लिए साइनेज इंडिकेशन मिल सके। गश्ती दल दंडाधिकारी लगातार भ्रमण सील रहेंगे। जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र के समीप धारा 144 लगाते हुए लगातार भ्रमण सील रहेंगे।

## कबीर पंथ के भंडारे में सैकड़ों साधुओं और श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसादे

भेटुआ अमेठी सत्य,अहिंसा,सदाचार और निरगुण ब्रह्म की उपासना के प्रसार तथा मानव धर्म को सर्वोपरि रखने वाले कबीर पंथ के अनुयायिओं द्वारा शनिवार को विकास खंड भेटुआ के संड़िला गाँव में स्थित स्वर्गीय नारायण दास द्वारा स्थापित कबीरपंथी आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

भंडारे में आस- पास के सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ दूर- दूर से कबीर पंथ का प्रसार करने साधुओं ने भी हिस्सा लिया

शुक्रवार से ही नारायण दास की कुटी पर सैकड़ों साधुओं ने डेरा डाल कबीर पंथ पर आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं को सतसंग का लाभ देते हुए मानवीय गुणों को अपनाने तथा निर्गुण ब्रह्म की उपासना हेतु प्रेरित किया



इस दौरान संड़िला गाँव के निवासियों ने साधुओं की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी, शुक्रवार भंडारे के दिन समस्त ग्रामीणों ने तन मन धन से भंडारे को सफल बनाने के लिए एक जुट दिखे लालता प्रसाद शर्मा,लालबहादुर यादव,रवीन्द्र यादव, पप्पू राम प्रजापति,ओम प्रकाश भारती,माल्हा, दयाराम यादव,राहुल प्रजापति,करुणा शंकर आदि ग्रामीणों ने बताया कि 2002 से इसी तरह प्रतिवर्ष आश्रम पर मौजूद संत के दिशा निर्देशन में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें सैकड़ों साधुओं तथा हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते

## जिलाधिकारी ने ''शरद मेला'' कार्यक्रम का फीता काटकर किया शुभारम्भ

### स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को किया जाए प्रोत्साहित-जिलाधिकारी

**ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण**

श्रावस्ती, ठाकुर द्वारा रामलीला मैदान भिनगा में श्रावस्ती ग्रामोद्योग सेवा संस्थान नाबार्ड द्वारा लगाये गये ह्लह्लशरद मेलाह्लह्ल का जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने समूहों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया और महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की सराहना भी की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे कि वे समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सके। इसके लिए जरूरी है कि इनके द्वारा बनाये गये उत्पादों के विक्रय हेतु एक कार्ययोजना बनायी जाए। जिससे उनके उत्पादों की निरंतर बिक्री की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से जनपद में स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर प्रचार-प्रसार एवं बिक्री किया जाए। इसके लिए भिनगा में स्वयं सहायता समूहों की एक स्थाई मार्केट होनी चाहिए। जिससे की स्वयं सहायता समूहों को इंतजार न करना पड़े। नाबार्ड को कोशिश करनी चाहिए कि नगर पालिका या कही और एक स्थाई मार्केट बनाया जाए, ताकि उनके उत्पादन को खरीदने के लिये इंतजार न करना पड़े और स्वयं सहायता समूह की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। उन्होने यह भी कहा कि आज के समय में हर्बल प्रोडक्ट अधिक प्रयोग में लाये जा रहे है, इसलिए इनके उत्पादों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेंद्र कुमार, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड एम०पी० बर्णवाल, जिला अग्रणी विकास प्रबंधक इंडियन बैंक जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव, श्रावस्ती ग्रामोद्योग सेवा संस्थान संस्था के मुख्य कार्यकारिणी विजय कुमार राव सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं आम जनमानस मौजूद रहे।




## ग्रामीण विकास और महिलाओं के उत्थान के लिए मैं पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं -: श्री बृजराज साहनी डीडीएम नाबार्ड बलरामपुर

ओंकार नाथ चौधरी जनपद बलरामपुर शरद मेले के तीसरे और अंतिम दिवस की शुरूआत सुबह 10 बजे से हुई । सभी स्टालो पर सामान लगभग खत्म हो चुके थे। स्टॉल का अवलोकन करने आए तुलसीपुर विधान सभा के यशस्वी विधायक श्री कैलाश नाथ शुक्ल ने कहा कि समूहो के उत्साह और विक्रय को देखकर उम्मीद की एक नई किरण जगी है।



जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री श्याम मनोहर तिवारी ने कहा कि जनपद में नाबार्ड के सहयोग से श्री शशि भानु सेवा संस्थान द्वारा आयोजित नाबार्ड शरद मेला इसी प्रकार हर बार होता रहे। मै इस प्रयास और समूहो के बहनो को बड़ी संख्या में प्रतिभाग करने के लिए अपने हृदय की गहराई से हार्दिक बधाई और शुभकामनाए देता हूं।

मेले मे लगे स्टॉल का अवलोकन करते हुए एम एल के पी जी कालेज के प्राचार्य डॉ जे पी पाण्डेय जी ने कहा कि मै मेले का अवलोकन कर-के बेहद खुश हू नाबार्ड शरद मेला समूह की महिलाओ के लिए एक नई प्रेरणा लेकर आया है। बलरामपुर जैसे छोटे जनपद में महिलाएं घरेलू व्यवसाय को लेकर अच्छा प्रयास कर रही हैं। उनके इस महान कार्य की प्रशंसा जितना भी किया जाये मुझे लगता है कि उतना भी कम ही होगा

कार्यक्रम के समापन से पहले श्री शशि भानु सेवा संस्थान द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किये गये.। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं श्री शशि भानु सेवा संस्थान के प्रमुख अजय सिंह जी ने सभी को दिलासा दिया मेरा आशीर्वाद आप सब लोगों के साथ है इसी प्रकार से आप अपने उत्पाद तैयार करें और अपने आप को आत्मनिर्भर बनाएं

डीडीएम नाबार्ड श्री बृजराज साहनी जी ने सभी को एक बार फिर संबोधित करते हुए कहा कि कठिनाइयों से डरना नहीं चाहिए बल्कि उनका डटकर सामना करना चाहिये और जो भी महिलाएं हैं जो भी किसान हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं वो अगर कुछ भी करना चाहते हैं अपने आप को आगे बढ़ाना चाहते हैं तो मैं उनका भरपूर सहयोग करूँगा उन्होंने कहा कि जिसे प्रकार से समुद्र में लहरें उठती हैं तो वह कई छोटी जल तरंगों का मिश्रण होता है ठीक उसी प्रकार से छोटी छोटी कठिनाइयां छोटी छोटी परेशानियां ही हमको बहुत बड़ी सफलता दिला सकती है ग्रामीण विकास और महिलाओं के उत्थान के लिए मैं पूरी तरह से

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षा को सकुशल एवं नकल विहीन कराने हेतु बैठक सम्पन्न

### *परीक्षा की सुचिता बनाये रखेगें जोनल/सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट.......जिलाधिकारी।*

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी**

अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में अगामी 16 फरवरी 2023 से हाईस्कूल एंव इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं नकल विहीन कराने के लिए जिला पंचायत रिसोर्ट सेंटर के सभागार में परीक्षा की व्यवस्था में लगे जोनल/सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा- 2023 में हाई स्कूल में कुल 28691 परीक्षार्थी है जिसमें 14954 बालक व 13737 बालिका तथा इंटरमीडिएट में 23061 परीक्षार्थी है जिनमें 11690 बालक व 11371 बालिका है। सरकार की मंशानुसार नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्व है। इसलिए सभी जोनल/सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों का दायित्व बनता है कि वे जनपद में बनाये गये सभी 91 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की पवित्रता को बनाए रखने एवं सुचितापूर्ण ढंग से बोर्ड परीक्षा को सम्पन्न करायेगें। उन्होने यह भी बताया कि जिले को 17 सेक्टरों में विभाजित कर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जो अपने अपने सेक्टरों के अंतर्गत परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा अवधि के समय भ्रमणशील रहकर नकल विहीन एंव शान्तिपूर्ण वातावरण में परीक्षा सम्पन्न करायेगें। इसके अलावा सभी उप जिलाधिकारियों को अपने अपने सबडिबीजन के ओवरआल इन्चार्ज बनाया गया है। जो जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में परीक्षा के दौरान भी भ्रमणशील रहकर नकल विहीन एंव शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न करायेगें। इसके अलावा जिले में 04 उड़नदस्ता टीमों का भी गठन किया गया है जो परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर व्यापक निगरानी कर नकलचियों पर नकेल कसने के साथ ही विधिक कार्यवाही भी सुनिश्चित करेगें।

उन्होने बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए सभी सम्बन्धित जोनल/सेक्टर/स्टैटिक एंव विभागीय अधिकारियों तथा केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया है कि पूरी परीक्षा में ईमानदारी से सौपे गये दायित्वो का पालन कर नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराये, परीक्षा केन्द्रों पर छात्र/छात्राओं को कोई दिक्कत न हो इसलिए मानक के अनुरूप सीटिंग व्यवस्था, लाइट, पेयजल, शौंचालय, सी0सी0टी0वी0, सहित अन्य आधार भूत सुविधाएं तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए।

उन्होने यह भी निर्देश दिये कि परीक्षा के दौरान परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के लिए मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, कैलकूलेटर आदि लेकर जाना पूर्णतयः वर्जित रहेगा इसका अक्षरशः पालन कराया जाए, इसके साथ ही परीक्षा केन्द्र से 200 मीटर की दूरी से ही प्रवेश पूर्णतयः वर्जित रहेगा। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रो पर यदि औचक निरीक्षण के दौरान कोई कमी पायी तो सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक के साथ ही स्टैटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेटों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।




उन्होने बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि परीक्षा के दौरान पूर्व से आवंटित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ मीटिंग करना, परीक्षा के पूर्व केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करना, परीक्षा अवधि में प्रत्येक दिवस दोनों पालियों में नियमित अन्तराल पर परीक्षा केन्द्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण/पर्यवेक्षण करेंगे। परीक्षा केन्द्रों में नियमित सी0सी0टी0वी0 कैमरों तथा वाइस रिकार्डर आदि की जॉच करेंगे। प्रश्न-पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित रख रखाव की व्यवस्था देखेंगे। संवेदनशील/अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का सघन जॉच करना और सशस्त्र पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गई है। परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र के पास भीड़ इक्कट्ठा न होने पाय। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा अवधि में परीक्षा व्यवस्था से जुड़े व्यक्तियों से इतर बाह्य व्यक्तियों का परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक का संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक उदय प्रकाश मिश्र ने किया।

इस अवसर पुलिस अधीक्षक इलामारन जी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, जिला आबकारी अधिकारी आरके वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, सहित सभी जोनल/सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट/सचल दल, केन्द्र व्यवस्थापक एवं अतिरिक्त बाह्य केन्द्र व्यवस्थापकगण उपस्थित रहे।

## नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराये, परीक्षा की व्यवस्था में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण-जिलाधिकारी

**ओंकार नाथ चौधरी, समाज जागरण**

श्रावस्ती,जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में अगामी 16 फरवरी 2023 से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं नकल विहीन कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में परीक्षा की व्यवस्था में लगे जोनल/सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशानुसार नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्व है। इसलिए सभी जोनल/सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थाप कों दायित्व बनता है कि वे जनपद में बनाये गये सभी 43 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की पवित्रता को बनाए रखने एवं सुचितापूर्ण ढंग से बोर्ड परीक्षा को सम्पन्न करायेगें। उन्होने यह भी बताया कि जिले को 13 सेक्टरों में विभाजित कर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जो अपने अपने सेक्टरों के अन्तर्गत परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा अवधि के समय भ्रमणशील रहकर नकल विहीन एंव शान्तिपूर्ण वातावरण में परीक्षा सम्पन्न करायेगें। इसके अलावा सभी उप जिलाधिकारियों को अपने अपने सबडिबीजन के ओवरआल इन्चार्ज बनाया गया है। जो जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में परीक्षा के दौरान भी भ्रमणशील रहकर नकल विहीन एंव शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न करायेगें। इसके अलावा जिले में 04 उड़नदस्ता टीमों का भी गठन किया गया है जो परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर व्यापक निगरानी कर नकलचियों पर नकेल कसने के साथ ही विधिक कार्यवाही भी सुनिश्चित करेगें। उन्होने बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए सभी सम्बन्धित जोनल/सेक्टर/स्टैटिक एंव विभागीय अधिकारियों तथा केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया है कि पूरी परीक्षा में ईमानदारी से सौपे गये दायित्वो का पालन कर नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराये, परीक्षा केन्द्रों पर छात्र/छात्राओं को कोई दिक्कत न होने पावे इसलिए मानक के अनुरूप सीटिंग व्यवस्था, लाइट, पेयजल, शौंचालय, सी0सी0टी0वी0, सहित अन्य आधार भूत सुविधाएं तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए।

उन्होने यह भी निर्देश दिये कि परीक्षा के दौरान परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के लिए मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, कैलकूलेटर आदि लेकर जाना पूर्णतयः वर्जित रहेगा इसका अक्षरशः पालन कराया जाए, इसके साथ ही परीक्षा केन्द्र से 200 मीटर की दूरी से ही प्रवेश पूर्णतयः वर्जित रहेगा। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रो पर यदि औचक निरीक्षण के दौरान कोई कमी पायी तो सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक के साथ ही स्टैटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेटों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।



उन्होने बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि परीक्षा के दौरान पूर्व से आवंटित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ मीटिंग करना, परीक्षा के पूर्व केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करना, परीक्षा अवधि में प्रत्येक दिवस दोनों पालियों में नियमित अन्तराल पर परीक्षा केन्द्रों का अनिवार्य रूप सें निरीक्षण/पर्यवेक्षण करेंगे।परीक्षा केन्द्रों में नियमित सी0सी0टी0वी0 कैमरों तथा वाइस रिकार्डर आदि की जॉच करेंगे। प्रश्न-पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित रख रखाव की व्यवस्था देखेंगे। संवेदनशील/अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का सघन जॉच करना और सशस्त्र पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गई है। परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र के पास भीड़ इक्कट्ठा न होने पाय।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा अवधि में परीक्षा व्यवस्था से जुड़े व्यक्तियों से इतर बाह्य व्यक्तियों का परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक का संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक सन्त प्रकाश ने किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी डी0पी0 सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार, सभी उप जिलाधिकारीगण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहित सभी जोनल/सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट/सचल दल, केन्द्र व्यवस्थापक एवं अतिरिक्त बाह्य केन्द्र व्यवस्थापकगण उपस्थित रहे।

## असम करीमगंज जिले के नशा मुक्त समाज बनाने व बाल विवाह रोकने के लिए नेहरू युवा केंद्र व किशन स्पोर्ट क्लब की पहल पर हरिबासर में जागरूकता सभा का आयोजन।

**करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण**

करीमगंज जिले के हरिबासर में स्थानीय लोगों के साथ किशन स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों और ग्राम पंचायत स्तर के नेताओं ने भाग लिया। शुक्रवार दोपहर हरिबासर एलपी स्कूल में नशा मुक्त समाज व बाल विवाह रोकथाम को लेकर बैठक हुई। एक विशेष जागरूकता अभियान मुख्य रूप से नशा मुक्त राज्य बनाने के उद्देश्य से है इस दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लॉयरपोआ भाजपा मंडल सचिव किशोर चौधरी, डेंगारबंद गांव पंचायत अध्यक्ष रथींद्र वर्धन, महिला मोर्चा सम्पदिका जाबा नाग, संगीता सिन्हा और अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल सचिव किशोर चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की इस मौके पर बोलते हुए सभापति के प्रतिनिधि रथींद्र वर्धन ने कहा, नशा मुक्त असम बनना चाहिए। इसके लिए युवाओं को आगे आना चाहिए क्योंकि कुछ युवा नशे की लत के शिकार हो रहे हैं इस बारे में युवाओं को सोचना चाहिए आपको उससे छुटकारा पाना होगा उसके लिए जागरूकता शिविर लगाया जाए युवाओं को नशे के



चंगुल से मुक्त कराने के लिए इस तरह की जागरूकता बैठक नितांत आवश्यक है। इसके अलावा, बाल विवाह पर मौजूदा असम सरकार की कार्रवाई से समाज में भारी बदलाव आना तय है। महिला मोर्चा की संपादक जाबा नाग ने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ असम सरकार के मौजूदा अभियान ने समाज को काफी प्रभावित किया है. अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावक बाल विवाह पर ध्यान नहीं देते थे, लेकिन अब हर अभिभावक जागरूक है। साथ ही प्रिया बिन, मोंटी कोंदो, अनीता सिन्हा, अनामिका सिन्हा, परितुष पाल आदि ने नशा मुक्त समाज बनाने और युवाओं में बाल विवाह रोकने पर बात की।

## समाधान दिवस/थाना दिवस में आये हर फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाए निस्तारण-जिलाधिकारी

### *जमीनी विवादों को राजस्व/पुलिस टीम मौके पर जाकर निपटाएं-जिलाधिकारी*

### *थाना दिवस में आयी हर शिकायतों को सूचीबद्ध करें थानाध्यक्षगण-पुलिस अधीक्षक*

श्रावस्ती, शासन के मंशानुरूप समाधान दिवस/थाना दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका प्राथमिकता से निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फजीर्वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।



उक्त विचार कोतवाली भिनगा में आयोजित समाधान दिवस/थाना दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने व्यक्त किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाधान दिवस/थाना दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि बालिकाओं/महिलाओं की शिकायतों का मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय-सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुर्नवृत्ति न होने पावे।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल चैबे, थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षकगण, लेखपालगण, बीट निरीक्षक, बीट कांस्टेबल सहित फरियादीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की बैठक सम्पन्न

### राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली कर लक्ष्य पूरा करें सम्बन्धित विभागीय अधिकारीगण-जिलाधिकारी

**ओंकार नाथ चौधरी, समाज जागरण**

श्रावस्ती,राजस्व वसूली से जुडे समस्त विभागीय अधिकारियों का दायित्व है कि दिये गये लक्ष्यों के अनुरुप वसूली सुनिश्चित करायें। यदि किसी भी विभागीय अधिकारियों द्वारा वसूली में शिथिलता बरती गयी तो निश्चित ही उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

उक्त निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में वसूली से जुडे सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की गहन समीक्षा करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने दिया है। उन्होंने जोर देते हुऐ कहा कि राजस्व वसूली से ही सरकार द्वारा तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है। इसलिए राजस्व वसूली को सभी विभागीय अधिकारी प्राथमिकता से लें और विशेष रुचि लेकर वसूली करके अपने लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि क्रमशः अलौह खनन, वन, परिवहन की वसूली लक्ष्य से कम है, इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को प्रत्येक दशा में वसूली कर लक्ष्य को भी पूरा करने का निर्देश दिया है। वहीं व्यापार कर विभाग के अधिकारी को भी लक्ष्य



की पूति हेतु निर्देश दिये गये है, तथा जिले में अवैध खनन किसी भी दशा में न होने पावे, इसके लिए उपजिलाधिकारी के साथ सामंजस्य बनाकर औचक निरीक्षण करने हेतु जिला खनन अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व वादों की भी गहन समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान राजस्व वसूली,` भूमि पट्टा आवेदन, किसान दुर्घटना बीमा, स्वामित्व योजना, खतौनी पुनरीक्षण आदि की भी समीक्षा की और सम्बन्धित अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया।

**बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) डी0पी0 सिंह ने किया।**

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना रोहित एवं जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी आशुतोष, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच/श्रावस्ती संजय शर्मा, तहसीलदार क्रमशः भिनगा रामप्यारे, इकौना संजय कुमार राय, जमुनहा मो0 अहमद फरीद खान, ए0आई0जी0 स्टाम्प पी0के0 अस्थाना, अग्रणी बैंक प्रबन्धक जितेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्यकर कृष्ण मुरारी यादव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विनीत कुमार मिश्र सहित कलेक्ट्रेट में विभिन्न पटलों पर कार्य देख रहे लिपिक विपिन चटर्जी, नाजिर अनूप तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित पटल सहायक एवं सम्बन्धित अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## असम के न्यू करीमगंज रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में सोना जब्त किया गया है.

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण : 11 फरवरी (शनिवार) को राजस्व खुफिया विभाग निदेशालय की एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्रिपुरा से आ रही कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन से तीन लोगों को हिरासत में लिया। और खुफिया विभाग की उस टीम ने तीन लोगों के पास से आठ सोने के सिक्के बरामद किए। लेकिन खुफिया विभाग के अधिकारियों ने जांच के मकसद से पत्रकारों को सोनार का वीडियो रिकॉर्ड करने नहीं दिया. इसलिए, सवाल यह है कि वास्तव में कितना



सोना जब्त किया गया है लेकिन सही-सही नहीं बताया जा सकता। उधर, खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सोने के आठ टुकड़े बरामद किए गए हैं। स्थानीय लोगों में भारी प्रतिक्रिया हुई है। गिरफ्तार तीन लोगों के नाम क्रमशः टीटन पाल, राजीव पाल और गौतम पाल हैं।

फिलहाल खुफिया विभाग की टीम उन्हें लेकर त्रिपुरा के लिए रवाना हो गई है.

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ द्वारा पंडित हिमांशु राज शर्मा को दिल्ली महासचिव एवं उत्तर भारत युवा विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गोविंद कुलकर्णी (गुरुजी ) द्वारा पंडित हिमांशु राज शर्मा को दिल्ली महासचिव एवं उत्तर भारत युवा विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, डॉक्टर गोविंद कुलकर्णी ने कहा हिमांशु शर्मा की सनातन धर्म एवं ब्राह्मणों के उत्थान के लिए लगातार कार्य करते रहे हैं उसी को देखते हुए इन्हें यह दायित्व और हम इन से आशा करते हैं या आगे भी अपने कर्तव्य का ऐसे ही निर्वहन करेंगे, नवनियुक्त महासचिव एवं उत्तर भारत युवा विंग के अध्यक्ष हिमांशु राज शर्मा ने कहा संगठन ने जो यह मुझे दायित्व दिया है मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य को निभाऊंगा आइए दिखाते हैं मीडिया से बात करते हुए नवनियुक्त महासचिव एवं उत्तर भारत युवा विंग के अध्यक्ष हिमांशु राज शर्मा ने बताया कि 25 फरवरी से 1 मार्च तक देश-विदेश से दिल्ली में इकट्ठे होंगे ब्राह्मण, ब्रह्मउद्योग महासम्मेलन आइए और ब्राह्मणों के उत्थान के लिए अपनी राय अवश्य दें

## कानपुर भाजपा ने दीनदयाल उपाध्याय को बताया राजनीति में संस्कृति के दूत

सुनील बाजपेई

भाजपा दक्षिण ने 1000 से भी अधिक बूथों पर मनाई पुण्यतिथि

कानपुर। एकात्म मानववाद एक ऐसी विचारधारा है जो मनुष्य को जीना सिखाती है। एक ऐसे समाज का उदय करती है जहां एकता हो, समानता हो और लोग भाईचारे के साथ रहते हो ।एकात्म मानववाद को अपनाकर ही हम अपने राष्ट्र एवं विश्व का कल्याण कर सकते हैं ।उक्त बाते शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्य तिथि पर आयोजित समर्पण दिवस के अवसर पर वक्ताओं ने कही ।भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष डा.वीना आर्या पटेल के निर्देशन मे गोबिन्द नगर स्थित प.रामप्रसाद त्रिपाठी हिन्दू धर्मशाला मे आयोजित बूथ संख्या 28 व 29 की संयुक्त संगोष्ठी मे वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद जैसी प्रगतिशील विचारधारा के प्रणेता थे ।एकात्म मानववाद, मानव जीवन व सम्पूर्ण सृष्टि के एकमात्र सम्बन्ध का दर्शन है ।प.दीनदयाल व्यक्तिवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद को पश्चिमी अवधारणा मानते थे। इनको भौतिकवादी विचारधाराओं का स्वरूप मानते थे ।वक्ताओं ने आगे कहा कि राष्ट्र को परिभाषित करने के लिए चार बातें जरूरी है पहली



बात यह कि भूमि और जल से देश बनता है। दूसरी बात यह है कि सबकी इच्छाशक्ति अर्थात सामूहिक जीवन का संकल्प। तीसरी बात एक व्यवस्था जिसे नियम या संविधान कहते हैं इसे हम धर्म भी क्या सकते हैं। चौथा जीवन- आदर्श, इन सब को मिलाकर राष्ट्र बनता है। जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजनीतिक कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि राजनीति में संस्कृति के दूत थे ।पं उपाध्याय जी का चिंतन और उनकी शैली भारत केंद्रित थी। वे पश्चिम के विचारों से संवाद के पक्ष में थे लेकिन बौद्धिक परजीविता के कटु आलोचक थे। केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकारें प.दीनदयाल उपाध्याय जी की इन्ही विचारधाराओं को अपनाकर अन्योदय के रास्ते पर चलते हुए निर्बलो एवं वंचितों के विकास के प्रति संकल्पित है ।प. दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर आयोजित समर्पण दिवस पर भाजपाइयों ने बूथो पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही अपनी इच्छानुसार धनराशि भी समर्पित कर इकट्ठा की।

प्रमुख रूप से अनील त्रिपाठी, प्रकाश वीर आर्य,विकास दुबे,ओमप्रकाश मिश्रा, हरीशंकर सिंह,राजेश बाजपेई(एडवोकेट),मनोज पाल,राजेश श्रीवास्तव,गोपाल शुक्ला, राहुल अग्निहोत्री, गौरव तिवारी, रविशंकर सिंह, सुनील दीक्षित,दुर्गश शुक्ला आदि रहे।

## जिला पंचायत सभापति गौरहा के मुख्य अतिथि मे हुआ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का कोरमी मे शुभारंभ

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोरमी में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने पूजा अर्चना कर खिलाड़ियों का परिचय लिया व टास करा कर इस आयोजन के पहले मैच का शुभारंभ कराया। कबड्डी छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़ा हुआ खेल

जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने अपने संबोधन में कहा कि कबड्डी छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़ा हुआ खेल है और आज यहां इतना बढ़िया आयोजन देखकर काफी प्रसन्नता हुई है खेलों का जीवन में विशेष महत्व है। ऐसे आयोजनों से ही ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को मंच मिलता है जिसमें वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पाते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक गौरीशंकर यादव को बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में होने वाले खेल के आयोजनों में लगातार अपनी सक्रिय भूमिका



निभाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

कांग्रेस सयुक्त महामंत्री अमित यादव ने बताया युवा मितान क्लब के माध्यम से गांव के युवाओं को 25-25 हजार की चार किस्त देकर सांस्कृतिक एवं खेलकूद आदि आयोजन हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है ।उन्होंने सभी टीमों को बधाई देते हुए कहा की हार के बाद ही जीत है हार से निराश नहीं होना चाहिए।

मंडी सदस्य अनिल यादव ने कहां की क्षेत्र की निरंतर विकास ही हमारा उद्देश्य है वर्तमान भूपेश बघेल सरकार उसके लिए संकल्पित है

इस अवसर गौरीशंकर यादव,राकेश यादव राजेश्वर यादव,भागवत श्रीवास,चमन यादव,हर्ष छाबड़ा,संतोष यादव,देवेश मिश्रा,जनपद सदस्य अजय घृतलहरे,सरपंच प्रतिनिधि मनोज बंजारे व ग्रामवासी भी उपस्थित रहें।

## पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम के नेतृत्व में गर्जना रैली भोपाल में हजारों की संख्या में शामिल हुए जिले के आदिवासी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

डी लिस्टिंग को लेकर आदिवासी समाज ने भोपाल में भरी हुंकार

बालाघाट.(12फरवरी )आदिवासी धर्म छोड़कर दूसरे धर्मो को अपनाकर शासन से मिलने वाले लाभ का फायदा उठाने वालों के खिलाफ आदिवासी समुदाय आरपार की लड़ाई करने के मूड में आ गया हैं. जिसके लिए बालाघाट के बैहर विधानसभा के पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम के नेतृत्व में हजारों की संख्या में आदिवासियों का दल दर्जनों बसों में सवार होकर गाजे बाजे के साथ गर्जना रैली भोपाल में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद किया.जनजातीय सुरक्षा मंच महा कौशल संयोजक भगत सिंह नेताम ने कहा कि जो लोग जनजाति समाज की संस्कृति और पूजा-पद्धति से अलग हो गए हों, उन्हें नौकरियों व छात्रवृत्तियों में आरक्षण और शासकीय अनुदान का लाभ नहीं देने और ऐसे लोगों की डी-लिस्टिंग की मांग को लेकर जनजातीय समुदाय भोपाल के भेल दशहरा मैदान में डी-लिस्टिंग गर्जना रैली कर अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। इसका आयोजन जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से किया गया। इस रैली में आदिवासी समुदाय ने अपने हक के लिए हुंकार भरी और कहा कि मतातंरण करने वालों को आरक्षण समेत विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिलना चाहिए। आदिवासी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे सरकार को भी चैन से नहीं बैठने देंगे। उन्होंने दिल्ली कूच करने का भी ऐलान किया।

आदिवासी सुरक्षा मंच के महा कौशल संयोजक भगत सिंह नेताम ने बताया कि आदिवासियों के लिए चल रही योजनाओं का लाभ वे लोग भी ले रहे हैं, जो धर्मान्तरण कर चुके हैं जो गलत है। उन्होंने कहा कि ईसाई आदिवासी नहीं हैं क्योंकि वे उन परंपराओं को नहीं मानते हैं, जिन्हें आदिवासी मानते हैं। आदिवासी समाज प्रकृति पूजक हैं। ईसाई आदिवासी नहीं हो सकता ।हम बलि देते हैं, पंचभूतों की पूजा करते हैं, ईसाई यह सब नहीं करते जिससे धर्मान्तरण कर ईसाई बने आदिवासी नहीं हो सकता ।धर्मान्तरण कर चुके लोग आदिवासियों की सूची में नहीं है। आदिवासियों का लाभ लेना हमारे अधिकारों पर अतिक्रमण है।

इस महारैली में बालाघाट,झाबुआ, आलीराजपुर, शहडोल, सतना, छिंदवाड़ा, बैतूल, खरगौन सहित प्रदेश के करीब 40 जिलों से जनजाति बंधु आए। बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में भी पहुंचे। इनमें महिलाओं की तादाद भी काफी थी.कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व आदिवासी लोक कलाकारों द्वारा मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए.

कार्यक्रम में आए विभिन्न जिलों के कई आदिवासी गांव के लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में ईसाई मिशनरी पिछले कई सालों से सक्रिय है जोकि छोटे आदिवासी पिछड़े लोगों को कपड़े पैसे आदि का लालच देकर अपने धर्म में शामिल कर रही है। वहीं कुछ गांव में ईसाई मिशनरी द्वारा चर्च भी स्थापित कर लिए गए हैं। इन सभी पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेशभर के सभी आदिवासी यहां एकत्र हुए हैं। ईसाई मिशनरी धीरे-धीरे आदिवासी समाज को अपने धर्म में शामिल करने का भरसक प्रयास कर रही है।



संविधान के अनुच्छेद 342 में मतांतरित लोगों को जनजातीय आरक्षण के लाभ से बाहर करने के लिए देश की संसद अब तक न तो कानून बना पाई है और न ही अब तक इसमें संशोधन के लिए प्रस्ताव पर ही विचार किया है। जबकि, यह मसौदा 1970 के दशक से संसद में ही विचाराधीन है। निनामा ने डी-लिस्टिंग के पीछे वजह स्पष्ट करते हुए बताया कि मतांतरण के बाद जनजाति का सदस्य भारतीय क्रिश्चियन कहलाता है। इसके बाद कानूनन वह अल्पसंख्यक की श्रेणी में आ जाता है। चूंकि संविधान के अनुच्छेद 341 व 342 में कोई स्पष्ट प्रविधान नहीं है, इसलिए मतांतरित लोग दोहरी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं ।बहरहाल डीलिस्टिंग को लेकर आवाज बुलंद करने वाले बैहर विधानसभा के पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम जिले के ऐसे एकमात्र नेता हैं जो खुलकर धर्मान्तरण का विरोध कर क्षेत्र के आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं जिसका समर्थन क्षेत्र का समस्त समाज कर रहा हैं.

## समाधान थाना दिवस पर एसीपी मोहनलालगंज राज कुमार सिंह द्वारा कोतवाली मोहनलालगंज पर सुनी गई जनसमस्याएं,व तत्कालीन निस्तारण के दिए निर्देश

**(संवाददाता) विवेक कुमार समाज जागरण!**

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज कोतवाली में जहां शनिवार को थाना दिवस के मौके पर पुलिस संयुक्त राज कुमार सिंह और इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे के द्वारा जनता दरबार लगाकर लोगो की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान संयुक्त राज कुमार सिंह द्वारा लोगो की समस्याओं के जल्द निस्तारण के लिए जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक संयुक्त राज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना दिवस पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना जाता है और उनके जल्द कारण के लिए निर्देश भी दिए जाते हैं साथ ही कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जिनका मौके पर ही निस्तारण किया जा सकता है तो उनका मौके पर ही निस्तारण कराया जाता है क्षेत्रों में ज्यादा समस्याएं आती हैं जिनका समय-समय पर जल्द निस्तारण के लिए उच्च अधिकारियों समेत उनके द्वारा भी संबंधित कोतवालीओ को प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है।

## डिंडेश्वरी मॉडल पब्लिक स्कूल मल्हार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन,,,स्कूली बच्चों ने मनाया वार्षिकोत्सव...शिक्षा मंत्री टेकाम रहे मुख्य अतिथि

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मल्हार। डिंडेश्वरी मॉडल पब्लिक स्कूल मल्हार में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा व सहकारिता मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कर वार्षिकोत्सव में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी ने की साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक, जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव जनपद पंचायत मस्तूरी के अध्यक्ष,प्रतिनिधि रामनारायण राठौर, जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर जिला पंचायत सदस्य किरण संतोष यादव व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कैवर्त, एवं कांग्रेस नेता जयंत मनहर शामिल हुए ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री टेकाम ने कहा की स्कूलों में वार्षिकोत्सव का इंतजार बच्चो के साथ पालकों को भी रहता है। इसलिए यह कार्यक्रम खास हो जाता है, उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में स्कूली शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है साथ के ही कृषि क्षेत्र में क्रांति लाई है जिससे सभी वर्ग के लोगो की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। धान के समर्थन मूल्य के अलावा छत्तीसगढ़ सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के नाम से राशि 4 किस्तो में किसानों को दे रही जिससे किसान खुशहाल हो रहे है ।उन्होंने कहा कि अभी कुछ बच्चो ने यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम किये है इससे पता चलता है कि इस विद्यालय का स्तर काफी अच्छा बेहतर है। आजकल के पालक अपने बच्चों की पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों जैसे सांस्कृतिक



कार्यक्रम, खेलकूद व कौशल विकास पर विशेष ध्यान देते है। आज का समय चुनौतीपूर्ण है परन्तु अब उच्च स्तर की पढ़ाई गावो में भी हो रही है जो कि अच्छे संकेत है। अंग्रेजी माध्यम में ग्रामीण बच्चे पढ़कर अंतरराष्ट्रीय पर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रहे है इसीलिए छत्तीसगढ़ सरकार ने आत्मानंद स्कूल की शुरूवात की है जिसका बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। कार्यक्रम को जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव,जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ प्रेमचंद जायसी ने संत गुरुघासीदास महाविद्यालय की तरफ से दिए गए अभिनंदन पत्र का वाचन किया व महाविद्यालय के जितेंद्र पाटले के साथ अभिनंदन पत्र भेंट की। विद्यालय के डायरेक्टर भागबली घृतलहरे व प्राचार्य शुभम शर्मा, हेड मैट्रेस विभा जायसवाल व स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राहुल देव भारद्वाज व आभार व्यक्त वसुधा जायसवाल ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, एल्डरमेन, के अलावा सहकारिता विभाग व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी ने सराहना..

वार्षिकोत्सव में छोटे छोटे बच्चों ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया इसके अलावा तीन छोटे बच्चों ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी व 12 छात्र छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी गाने पर रंगारंग सामूहिक नृत्य कर लोगो का दिल जीत लिया, जिसके बाद कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुतियां बच्चो ने दी।

## ब्लॉक कांग्रेस मस्तुरी के लोहर्सी जोन के ग्राम पंचायत गोडाडीह में हाथ से हाथ जोडो अभियान यात्रा को लेकर पहुंचे कांग्रेसी

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तुरी.ब्लॉक कांग्रेस मस्तुरी की ऐतिहासिक हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा अभियान 11 फरवरी 2023 को लोहर्सी जोन के गोडाडीह में की गई, यह अभियान यात्रा मस्तुरी ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री पुतन दुबे की प्रभार व सरंक्षक जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव के अगुवाई में और मस्तुरी कांग्रेस छाया विधायक दिलीप लहरिया व ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारीयों व कार्यकताओं की उपस्थिति में लोगों का काफि ला हाथ से हाथ जोडो अभियान यात्रा के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा था।

छाया विधायक दिलीप लहरिया ने बताया कि देश में आज जिस प्रकार की राजनीति चल रही है, देश की जनता जिसमें हर समाज परिवार जाती वर्ग यूवा महिला, बेखबर है, सोचिए आज अपने बच्चों को पाल पोस के अच्छी शिक्षा हर कोई दिलाता है,चाहे कर्ज. लेकर भी लेकिन सोचिए आज अपने बच्चों को अपनी कमाई से हर सुविधा दे रहे हैं यही आपके बच्चो के पास जब रोजगार, नौकरी और पैसा नहीं रहेगा तो आपके बच्चे अपने बीबी बच्चों को कैसे संभालेगा ऊपर से मंहगाई, आर्थिक तंगी, बिमारी स्वास्थ व्यवस्था,को देखते हुए सरकार सिर्फ जाती वाद , धर्म वाद, मंदिर , मस्जिद, और सरकार बनने और गिराने में ही व्यस्त हैं, और जनता भी अंधभक्ति अंधविश्वासों और झूठे दिखावा और बातों पर विश्वास करती है,जरा सोचिए ।अपना जीवन कैसे चला पाएंगे ऐसे हालात में परिवार को कैसे सुख दे सकता है जागो और समाज और परिवार और देश हित के लिए आगे आओ ।और छत्तीसगढ़ के हितैषी सरकार भूपेश



बघेल की कर्ज को फिर से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार व विधानसभा मस्तुरी में कांग्रेस का विधायक बनाकर चुकानी है।

इस मौके पर जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव ने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराएं हमारी असली पहचान है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार हमारी संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने बेहतर कार्य कर रही है साथ ही नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए कार्य कर रही है। हमारी कांग्रेस सरकार ने इन चार वर्षो में जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं की शुरूआत कर लोगों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का कार्य कर रही है। सभापति राजेश्वर भार्गव ने गोडाडीह में घर-घर जाकर छत्तीसगढ़ सरकार के जनकल्याण्कारी योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, खाद्य नागरिक आपूर्ति एव उपभोक्ता संरक्षण, सहकारिता एवं कृषक कल्याण योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, धांवतारी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, मुख्यमंत्री मितान योजना आदि का जानकारी दी।

इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व छाया विधायक दीलिप लहरिया,जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव, जिला महिला उपाध्यक्ष सुकृता खुटे, केकेसी जिला महासचिव गणेशदत्त राजू तिवारी,ब्लॉक महामंत्री पुतन दुबे, जोन अध्यक्ष कांति भारद्वाज, युवा नेता विशंभर खुटे, युवा नेता सुभाष टंडन,बी डी महंत सहित कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोर आवास मोर आधिकार रोक रखें हे भुपेश, पदयात्रा कर मस्तूरी विधायक ने मांगा समर्थन।

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर ।मस्तूरी .मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन के तहत उपनेता प्रतिपक्ष व मस्तूरी विधायक डॉ कृष्णामूर्ति बांधी ने शनिवार को विशाल पद यात्रा के माध्यम से हितग्राहियों के पक्ष में जनसमर्थन जुटाया।

बांधी ने प्रदेश सरकार पर योजना से गरीबों को वंचित रखने का आरोप लगाया। भाजपा की मस्तूरी मंडल हितग्राहियों के हक के लिए मस्तूरी विधायक मोर आवास मोर आधिकार यात्रा के दुसरे चरण में मस्तूरी विधनसभा के मस्तूरी मंडल के ग्राम पेंड्री से पद यात्रा का शुभआरंभ किया और मोर आवास मोर अधिकार को लेकर फिर एक बार फिर भुपेश सरकार को जमकर कोसा

बता दें कि ये पद यात्रा प्रथम चरण में पिछले माह ग्राम ओखर से प्रारंभ हुई थीं

आज पद यात्रा के शुभारभ के दौरान मस्तूरी विधायक ने राज्य सरकार पर जमकर खरी खोटी सुनाई और केन्द्र सरकार द्वारा हितग्राहीयो के लिए जारी अतिरिक्त 5 किलो अनाज न देने सहित प्रधानमन्त्री आवास योजना के लाभ से आम जानता को वंचित करने का आरोप लगाया उन्होने आगे कहा कि धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के भोले भाले किसानो को भूपेश सरकार ने धोखा दिया है। यहां के बेरोजगारो के साथ भी विश्वासघात



किया है। प्रदेश की महिलाओ के सम्मान की रक्षा करने में भी सरकार असफल रही है। कांग्रेस ने बेरोजगारो को नौकरी देने और महिलाओ को शराबंदी का वादा किया था परंतु आज तक कुछ भी नही किया। आज प्रदेशभर के किसान धान खरीदी में आ रही समस्या से परेशान है ।जिन किसानो, मजुदरो, महिलाओ और युवाओ के बदौलत कांग्रेस सत्ता में आई उनके साथ मिलकर ही 2023 में लबरी भूपेश सरकार को सत्ता से बेदखल करेंगे।

आज यात्रा पेंड्री, कोहरौदा, डोडकी, दलदली रिसदा होते हुऐ हिर्री में यात्रा का सपापन हुआ इस दौरान ,सन्तोष मिश्रा,विजय अंचल, पवन श्रीवास, किरण मिश्रा, श्रीमती श्रीवास, मिस्टर इंडिया भार्गव,हरगोविंद माहेश्वरी, अंकित मिश्रा , सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहें।

## जल जीवन मिशन के तहत हर घर को मिलेगा साफ पानी, डॉ.बांधी ने किया भूमिपूजन

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी। उपनेता प्रतिपक्ष छत्तीस गढ़ विधानसभा व मस्तूरी विधायक डॉ.



कृष्णमूर्ति बांधी ने ने ग्राम पंचायत कुली में 1करोड़ 40 लाख की लागत से जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। शुक्रवार को ग्राम पंचायत कुली में पानी टंकी निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी थे अतिथि के रूप में सरपंच कुली मंडल अध्यक्ष सीपत राज्यवधन कौशिक जिला पंचायत सदस्य नूरी दिलेन्द्र कौशिल,,रमन गिरी गोस्वामी मदन पटानवार धरम कौशिक , महामंत्री सीपत रामनाथ तिवारी,शिव साहू उपस्थित थे

डॉक्टर बांधी ने कहा कि आने वाले दिनों में हर घर को साफ पानी सुलभ हो सकेगा।

मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना के तहत इसके क्रियान्वयन की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। गांवों में पेयजल किल्लत दूर होने के साथ ही प्रति व्यक्ति प्रति दिन के हिसाब से घरों तक पानी उपलब्ध कराया जाएगा ।उन्होंने कहा कि इस योजना से कोई गांव साफ पानी से वंचित नहीं रहेगा। सभी गावों को चरणबद्ध तरीके से कवर किया जा रहा है । भूमिपूजन को लेकर ग्रामीणों ने विधायक बांधी का आभार जताया।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान खैरा में शामिल हुए,,राजमहंत राजेश्वर भार्गव

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । मस्तूरी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जयरामनगर के



आश्रित ग्राम खैरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान में आशीर्वाद लेने पहुंचे राज महंत राजेश्वर भार्गव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर ,श्रीमती सुकृता बादल खूटे उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस बिलासपुर, सुभाष टंडन अध्यक्ष राहुल प्रियंका गांधी सेना, रामेश्वर डहरिया सचिव ग्राम पंचायत, भैया राम साहू अध्यक्ष राहुल प्रियंका गांधी ब्लाक मस्तूरी बादल खुटे कांग्रेस नेता मस्तुरी सभी ने मिलकर श्रीमद्भागवत में पूजा अर्चना की और क्षेत्रवासियों सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किए

## आयुष मंत्री ने विकास यात्रा में 2.67 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय/ब्यूरो चीफ**

बालाघाट.(12फरवरी)मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री आयुष एवं जल



संसाधन विभाग रामकिशोर ह्लनानोह्व कावरे ने विकास यात्रा के सातवें दिवस पर परसवाड़ा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों मे 2 करोड़ 67 लाख 68 हजार रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर क्षेत्र को विकास कार्यों की सौगात दी है। इस दौरान मंत्री श्री कावरे ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनकी समस्याओं को सुना एवं हितग्राही मूलक योजनाओं में हितलाभ का वितरण किया।

मंत्री ने 11 फरवरी को विकास यात्रा के क्रम में परसवाड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत अमवाही के ग्राम बासी में 01 करोड़ 13 लाख की लागत से पिंडकेपार, दूगलटोला, डोरा, इमलीटोला आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण, ग्राम फतेहपुर में कौआनाला पर 15 लाख रुपये की लागत ने बनने वाली पुलिया निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। मंत्री श्री कावरे ने चंदना में शासकीय आयुर्वेद औषधालय हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर के 47.58 लाख की लागत से भवन निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन करने के साथ ही चंदना में चंदना से संतरी टोला मार्ग लागत 38.66 लाख एवं खुरमंडी से किडकाटोला मार्ग लागत 53.40 लाख का लोकार्पण कर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया।

विकास यात्रा कार्यक्रम के प्रारंभ में आयुष मंत्री कावरे द्वारा कन्या पूजन किया गया तथा कार्यक्र का शुभारंभ किया गया। मंत्री श्री कावरे ने विकास यात्रा का ध्वज लेकर ग्रामीणों के साथ ग्रामों का भ्रमण भी किया। कार्यक्रम में उन्होंने पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करने के साथ ही अति कम वजन के बच्चों को न्यूट्रीशन किट का भी वितरण किया।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर डॉ0 डी के यादव द्वारा आयोजित

**विवेक कुमार समाज जागरण (संवाददाता)**

पीजीआई थाना क्षेत्र के अंतर्गत संजीवनी जन सेवा संस्था और संजीवनी



डेण्टल क्लीनिक एंड इम्प्लांट सेंटर लखनऊ द्वारा चरन भट्टा रोड इंद्रपुरी कालोनी ब्लू बेल्स स्कूल में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे डॉ० डी के यादव ने एच०बी , आर०बी०एस , बी० पी और ब्लड ग्रुप , डेण्टल चेकअप और परामर्श , शिविर से 120 लोगों लाभान्वित हुए , डॉ० डी के यादव के साथ उनकी टीम के उपाध्यक्ष साक्षी यादव और सचिव अमरेन्द्र शुक्ला , कोषाध्यक्ष निरंजन , सदस्य उमादेवी ,अनंत कुमार ,अवनीश यादव द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया , शिविर से इंद्रपुरी कालोनी एवं आसपास की बस्तियों, पंचम खेड़ा पीजीआई मोहल्ला आदि क्षेत्रों के रहवासी लाभांवित हुए। समिति के अध्यक्ष डॉ० डी के यादव द्वारा दवाइयों का वितरण किया गया। ब्लू बेल्स स्कूल के प्रबंधक भी मौजूद रहे

# विकास यात्रा की अमगंवा और मौहरी में की गई पुरजोर अगवानी

अनूपपुर 11 जनवरी 2023/ विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर के विकासखंड जैतहरी के ग्राम अमगंवा, मौहरी में विकास यात्रा का ग्राम वासियों ने भव्य स्वागत किया ग्रामीण महिलाओं द्वारा सर पर कलश धारण कर विकास यात्रा की अगवानी की गई इस अवसर पर जनपद सदस्य श्री चंद्र प्रकाश जयसवाल सरपंच श्रीमती बुद्धन बाई पूर्व सरपंच खूब चंद्र पनिका उपसरपंच श्री नरेंद्र राठौर श्री रवि प्रकाश श्रीवास्तव श्री विश्व दीपक श्रीवास्तव श्री संजीव श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने विकास यात्रा का पुरजोर स्वागत किया गया

# एसडीएम ने नल जल पेशा एक्ट तथा विकास यात्रा की दी जानकारी

एसडीएम श्री विजय डेहरिया तथा जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बीएम मिश्रा द्वारा विकास यात्रा के उद्देश्य तथा विकास कार्यों ,जल जीवन मिशन, पेसा एक्ट के बारे में जानकारी ग्रामीणों को दी गई नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेसा एक्ट तथा जल जीवन मिशन के संबंध में प्रकाश डाला गया

### 176 आवेदन हुए प्राप्त

विकास यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के 147 एकीकृत सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 5 राजस्व के 6 खाद्यान्न के 1 स्वास्थ्य विभाग के 3 मनरेगा के 10 शिक्षा से संबंधी 1 स्वच्छ भारत मिशन के 3 यानी कुल 176 आवेदन प्राप्त हुए

## शासकीय संस्थाओं का किया गया निरीक्षण

विकास यात्रा कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र ,हाई स्कूल का निरीक्षण किया गया

### हितग्राहियों ने साझा किए विचार वितरित किए गए हितलाभ

विकास यात्रा संवाद कार्यक्रम के दौरान सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए जिनमें लाडली लक्ष्मी योजना ,संबल 2.0, ग्रामीण आजीविका मिशन ,पीएम आवास ,तीर्थ दर्शन योजना के हितग्राही शामिल है इस अवसर पर जन कल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया

## पुष्पराजगढ़ के ग्राम बोदा एवं मोहंदी, खेतगांव में विकास यात्रा से लाभान्वित हुए ग्रामीण

अनूपपुर 11 जनवरी 2023/ आम आदमी को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने तथा विकास कार्यों की जानकारी साझा करने के साथ ही हितग्राहियों को प्राप्त योजनाओं के लाभ से जीवन में आए परिवर्तन के अनुभव साझा करने तथा शासकीय संस्थाओं के निरीक्षण एवं योजनाओं के छूटे व वंचित रहे पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त करने तथा विभिन्न सेवाओं का लाभ देने के लिए आयोजित की जा रही विधानसभा स्तरीय विकास यात्रा पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रूट कार्यक्रम के अनुसार ग्राम बोदा तथा देवरी, खेतगांव पहुंची जहां यात्रा का स्वागत बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा परंपरागत रूप से किया गया विकास यात्रा में जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष श्री हीरा सिंह श्याम तथा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा सिंह जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आरके त्रिपाठी जिले से नियुक्त नोडल अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि गण व बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, युवा, वृद्ध ,हितग्राही, अधिकारी, कर्मचारियों ने विकास यात्रा में सहभागिता की

### विकास कार्यो की दी गई जानकारी हितलाभ हुए वितरण

विकास यात्रा के दौरान क्षेत्रीय विकास कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई तथा पेसा एक्ट नल जल योजना के संबंध में प्रकाश डाला गया स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभ का वितरण ग्रामीणों को किया गया

# लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की कलेक्टर ने की समीक्षा, निराकरण के दिए दिशानिर्देश

अनूपपुर 11 फरवरी 2023/ सीएम हेल्पलाइन मे लंबित वर्तमान माह तथा 50 दिवस से अधिक के आवेदनों का संवेदनशीलता से निराकरण के लिए अधिकारी एक- एक आवेदन को पढ़ें और फिर उनकी कैटेगरी निर्धारित करते हुए निराकरण के सार्थक प्रयास करें उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने गूगल मीट के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों की गूगल मीट द्वारा समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के जिला कार्यालय प्रमुख अधिकारियों को दिए उन्होंने कहा कि कई विभागों द्वारा सीएम हेल्पलाइन के दर्ज आवेदनों के निराकरण के प्रयास सुनिश्चित किए गए हैं परंतु फिर भी कई विभागों में लंबित आवेदनों की स्थिति चिंताजनक है उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अगर 1-1 आवेदनों को पढ़कर उसके सार्थक निराकरण के प्रयास करें तो निराकरण का प्रतिशत ज्यादा हो सकता है जिससे जिले की रैंकिंग में सुधार होगा

उन्होंने विभागवार अधिकारियों से सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की वस्तुस्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए निराकरण के संबंध में मार्गदर्शन व दिशा निर्देश प्रदान किए

# विकास कार्यो तथा पेशा एक्ट के जन जागरूकता के लिए गांव- गांव कराया जा रहा दीवार लेखन कार

अनूपपुर 11 फरवरी 2023/ जिले में मध्य प्रदेश शासन के दिशा निर्देश अनुसार अनूपपुर कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में विकास यात्रा कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में स्थानीय जनों द्वारा भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है तथा यात्रा के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता का निर्वहन भी किया जा रहा है जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पेसा एक्ट किचन जागरूकता तथा विगत 5 वर्षों में हुए विकास कार्यों की जानकारी विकास की दीवार के माध्यम से तथा ग्राम सभा के सशक्तिकरण आदि विषयक दीवार लेखन भी गांव-गांव कराया जा रहा है विकास यात्रा से संबंधित "विकास की लहर हर गांव हर शहर"तथा "ग्राम सभा में चलो रे भाई अपनी खुशियां वापस आई" "पेसा एक्ट आया है आपसी समरसता लाया है" जैसे स्लोगन के माध्यम से दीवार लेखन कर जन जागरूकता का कार्य किया जा रहा है विकास की दीवार के माध्यम से ग्राम पंचायत क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिखित जानकारी लागत सहित प्रदर्शित की गई है इस संबंध में जानकारी देते हुए जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बी एम मिश्रा तथा जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आरके त्रिपाठी ने बताया है कि विकास की दीवार तथा पेसा एक्ट की जन जागरूकता के लिए सभी ग्रामों में कार्य किया जा रहा है

## खुशियों की दास्ताँ

### आजीविका मिशन के समूह से जुड़कर अंजली बनीं आत्मनिर्भर

अनूपपुर 11 फरवरी 2023/ विधानसभा कोतमा की विकास यात्रा के दौरान कार्यक्रम में आजीविका मिशन के जय मां शारदा स्वसहायता समूह की सदस्य अंजली ने बताया कि जब वह समूह से नही जुड़ी थी, तो वह घर में रहती थी और घर का काम ही करती थी। जब उन्हें आजीविका मिशन के बारे में पता चला तो वह उससे जुड़ीं और अपनी स्थिति में सुधार लाईं। उन्होंने बताया कि समूह के अंतर्गत उन्हें आजीविका मिशन में बीसी सखी का काम मिला, जिसमें प्रतिदिन 200 से 300 रुपये आय प्राप्त हो जाती है। उन्होंने सभी महिलाओं से निवेदन किया कि समूह से जुड़े और अपने मेहनत एवं हिम्मत से अपना घर, परिवार चलाएं।

## खुशियों की दास्ताँ

### आजीविका मिशन की समूह से जुड़कर पुनिया देवी को मिला संबल

अनूपपुर 11 फरवरी 2023/ विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ की विकास यात्रा के दौरान कार्यक्रम विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत बरबसपुर निवासी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रकाश स्वसहायता समूह की अध्यक्ष पुनिया देवी ने बताया कि उन्होंने समूह से जुड़ने के बाद एक लाख रुपये का ऋण लिया, जिससे उन्होंने कम्प्यूटर खरीदकर आनलाईन सेंटर चला रही हैं। साथ ही ग्राम पंचायत बरबसपुर में मनरेगा में महिला मेट का भी काम कर रही है, जिसमें उन्हें 8 से 10 हजार रुपये मासिक आय प्राप्त होती है। उन्होंने प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे आजीविका मिशन की योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

## खुशियों की दास्ताँ

### आजीविका मिशन से ऋण प्राप्त कर प्रमिला ने कृषि को बनाया लाभ का धंधा

अनूपपुर 11 फरवरी 2023/ विकास यात्रा के दौरान कार्यक्रम में आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह की प्रमिला परस्ते ने बताया कि जब वह समूह में नही जुड़ी थी तो कृषि कार्य करती थी। उन्होंने वर्ष 2013 में आजीविका मिशन की स्वसहायता समूह से जुड़कर 3 लाख रुपये ऋण प्राप्त किया। ऋण की राशि से उन्होंने ट्रैक्टर खरीदा, जिससे वे कृषि कार्य करवाती हैं। उन्होंने बताया कि महीने में उन्हें 10 से 15 हजार रुपये की आमदनी प्राप्त हो जाती है।

# NIOS से प्रशिक्षित शिक्षकों का विभागीय पत्रांक-375 दिनांक-16.08.2017 के आलोक मे पुनः वेतन निर्धारण की मांग

### परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ ने लिखा अपर मुख्य सचिव,शिक्षा विभाग एवं निदेशक प्राथमिक शिक्षा को पत्र

पटना.... एनआईओएस से प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने अपर मुख्य सचिव,शिक्षा विभाग एवं निदेशक प्राथमिक शिक्षा को पत्र लिखकर समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

निम्नांकित बिन्दुओं पर ध्यानाकृष्ट करवाते हुए श्री ठाकुर ने यथाशीघ्र इसके समाधान को लेकर दोनो विभागीय अधिकारियों से अनुरोध किया है।


परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ
प्रधान कार्यालय:- विचहपुर, पोस्ट-जीपीओ, पटना-800001
PSM/PAT/05/2023
11.02.2023

1. केंद्रीय अध्यादेश जिसमे दिनांक-31.03.2019 तक सभी अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षित होने का अध्यादेश है जिसे शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के उपर्युक्त आदेशानुसार हमलोग प्रशिक्षित हुए हैं।

2. संबंधित शिक्षकों की सेवा पुस्तिका मे वेतन निर्धारण उपर्युक्त मापदंडों को दृष्टिगत करते हुए सेवा निर्धारण दिनांक-31.03.2019 को होना चाहिए परन्तु विभागीय पदाधिकारियों के लापरवाही या गलत आदेशानुसार 22.05.2019 से सेवा पुस्तिका संधारित हुआ।

3. साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा ठक्डर प्रशिक्षित शिक्षकों का वेतन निर्धारण अलग-अलग तिथियों मे किया गया जो उपर्युक्त अध्यादेश एवं शिक्षा विभाग के पत्र के विपरीत है।

अंत मे श्री ठाकुर ने निदेशक प्राथमिक शिक्षा एवं अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग से ठक्डर प्रशिक्षित शिक्षकों का 31.03.2019 से वेतन निर्धारण कराने का आदेश जारी करने की मांग किया ताकि अलग-अलग जिलों मे वेतन निर्धारण करने मे भ्रम की स्थिति से बचा जा सके एवं 31.03.2019 तक प्रशिक्षण प्राप्त/उत्तीर्ण शिक्षकों के साथ प्रतिमाह हो रहे आर्थिक नुकसान की भरपाई की जा सके।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2517 मामलों का किया निष्पादन बीएसएनल से 6 करोड़ 90 लाख का सेटलमेंट हुआ

कटिहार।व्यवहार न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुआ। जिस-का विधिवत शुभारंभ डीएलएसए अध्यक्ष जिला जज हेमंत कुमार त्रिपाठी और डीएलएसए उपाध्यक्ष जिला पदाधिकारी उदयन मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।




आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बारसोई सहित कटिहार न्यायालय परिसर में कुल 19 बेंच बनाए गए थे। जिसमें प्रत्येक बेंच में एक न्यायिक पदाधिकारी के साथ एक पैनल अभियुक्त मौजूद थे।डीएलएसए सचिव सह एडीजे अनिल कुमार राम ने मिशन 1101 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला जज के निदेर्शानुसार डीएलएसए द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है।

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर न्यायिक अधिकारियों के साथ बार एसोसिएशन ने भी काफी सक्रिय भूमिका निभाई। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार झा, सचिव रमेश जायसवाल ने बताया कि आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी अधिवक्ताओं का अधिक से अधिक सुलहनिय वादों का निष्पादन हेतु विशेष रूप से दिशा निर्देश दे दिया गया है।

न्यायालय परिसर में अपने मुकदमा को समाप्त कराने आए लोगों की काफी भीड़ थी। जिसके लिए जिला जज के निर्देश पर आए लोगों के लिए सुरक्षा सहित शुद्ध पानी व मेडिकल की सुविधा उपलब्ध थी।डीएलएसए अध्यक्ष सह जिला जज हेमंत कुमार त्रिपाठी अपने टीम के साथ प्रत्येक बेंच का घूम घूम कर जायजा ले रहे थे।

आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के कुल प्री लिटिगेशन के 1648 मामले और न्यायालय में लंबित कूल 869 मामले केस का निष्पादन हुआ। बैंक व बीएसएनल से लगभग 6 करोड़ 90 लाख रुपए का सेटलमेंट हुआ। जो पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत की तुलना में 15% अधिक है। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान कुल 2517 मामलो का हुआ निष्पादन हुआ।

आयोजित राष्ट्र लोक अदालत के दौरान सबसे अधिक भीड़ न्यायालय स्थित कोर्ट के अलावा बैंक , विद्युत, रेलवे के बेंच में नजर आई। वही अपने वादों के निष्पादन के लिए न्यायालय में आए लोग काफी संतुष्ट नजर आए।

राष्ट्र लोक अदालत के संबंध में सीजेएम रंजीत प्रसाद ने बताया कि लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला जज हेमंत कुमार त्रिपाठी के अध्यक्षता में और डीएलएसए सचिव सह एडीजे अनिल कुमार राम के नेतृत्व में सभी न्यायिक पदाधिकारी द्वारा पूर्व से ही काफी मेहनत किया जा रहा था।जिसका परिणाम आज हम सबके सामने है। जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया।

इस अवसर बेंच में प्रधान न्यायाधीश बिरेंद्र कुमार मिश्रा, एडीजे साहब कौशर , सत्यनारायण लाल सहंनजी, समरेंद्र गांधी, सीजेएम रंजीत प्रसाद , एसीजेएम तेज प्रताप सिंह, अखिलेश कुमार पांडे , एसडीजेएम प्रवीण कुमार मालवीय, रेलवे मजिस्ट्रेट राम मनोहर चौधरी न्यायिक पदाधिकारी नेहा सिंह, विकास कुमार सिंह, सननी कुमार, राहुल कुमार वर्मा, सूरज प्रकाश ,अमन कुमार, योगिता श्री , प्रियंका कुमारी, पिंकी कुमारी , किरण कुमारी व पैनल अधिवक्ता मौजूद थे।उद्घाटन समारोह में सीडब्लूसी सदस्य सह वरीय अधिवक्ता प्रवीण कुमार झा,अधिवक्ता जिम्मी कुमार अग्रवाल,संजय पौद्धार आदि ने भाग , लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य प्रधान लिपिक आशीष कुमार झा ने किया। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में डीएलएसए के विजय कुमार, सिंटू कुमार, निशा कुमारी की अहम भूमिका रही।

# ब्याज सहित लौटाएंगे बुजुर्गों की सम्मान राशि-घोड़ेला

***-हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का तीसरा चरण, ग्रामीणों ने किया गर्मजोशी से स्वागत***

**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) :**

बरवाला से पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला ने कहा कि बीजेपी सरकार न तो मजदूर व कमेरा वर्ग की है और न ही कर्मचारियों, व्यापारियों व किसानों की। इस सरकार से हर वर्ग दुखी है। सरकार की गलत नीतियों के चलते जिन बुजुर्गों की पेंशन काट दी गई है, उसे कांग्रेस सरकार बनने के उपरांत ब्याज सहित लौटाया जाएगा। पूर्व विधायक घोड़ेला शनिवार को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तीसरे चरण में हलके के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के तीसरे चरण का शुभारंभ गांव जुगलान से हुआ, जिसके उपरांत यह यात्रा बहबलपुर, खेड़ी बर्की, जेवरा व बिछपड़ी पहुंची। ग्रामीणों ने फूल मालाओं के साथ पूर्व विधायक घोड़ेला का गर्मजोशी से स्वागत किया। घोड़ेला ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उस समय बरवाला हलके की अलग पहचान थी, लेकिन आज यह क्षेत्र विकास के मामले में पूरी तरह से पिछड़ गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत व विघटनकारी नीतियों से लोग तंग आ चुके हैं और आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में कांग्रेस बहुमत के साथ सत्ता में आएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी, वहीं बुजुर्गों की पेंशन को बढ़ाकर छह हजार कर दी जाएगी। इसके साथ ही कांग्रेस सरकार के दौरान गरीबों के लिए शुरू किए गए सौ सौ गज के प्लाट दोबारा से आबंटित किए जाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों को भी आश्वस्त किया कि जिस तरह से कांग्रेस



शासित अन्य राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल की गई है, उसी तरह हरियाणा में भी पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी। इस मौके पर उनके साथ युवा कांग्रेस नेता सुरेश घोड़ेला, रामफल कुंडू, धर्मपाल सरपंच, अजीत यादव प्रधान, कर्मवीर सातरोड़, सुंदर हुड्डा, रणबीर, सचिन पूनिया, जयवीर पूनिया, बनवारी सैनी सातरोड़, रामकुमार कोहाड़, अनिल सैन मिलगेट, लख्मी धिकताना, जगबीर फौजी, निहाल सिंह सरपंच, प्रेम बीडीसी, जयवीर सहरावत, अमर सैन, ईश्वर नंबरदार, जयकरण सिगड़, विरेंद्र ग्रेवाल, सुंदर बीडीसी, महाबीर कड़वासरा, अजीत बैनीवाल, श्रवण मिजार्पुर, अजीत मिजार्पुर, प्रदीप चहल, विजेंद्र कुंडू, भगत राम मय्यड़, बलबीर घोड़ेला, लीलु कोहाड़, सुशील सैनी बीडीसी, अजीत मैंबर, रणबीर भडाना, जयसिंह मालवाल, महेंद्र चैयरमैन, रमेश सरपंच बहबलपुर, जगमाल नंबरदार, सूर्या जागलान व अजीत पहल सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# विकास यात्रा में बिरसा के मछुआरों को पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम के द्वारा क्रेडिट कार्ड का वितरण

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट.( 12फरवरी )05 से 25 फरवरी तक जिले के सभी 06 विधानसभा क्षेत्रों में निकाली जा रही विकास यात्रा के दौरान पात्र लोगों को शासन की याजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मत्स्योद्योग



विभाग द्वारा बिरसा विकासखंड के ग्रामों में निकाली गई विकास यात्रा के दौरान मछुआरों को क्रेडिट कार्ड का वितरण किया जा रहा है। बैहर विधानसभा के पूर्व विधायक भगतसिंह नेताम एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनुपमा नेताम द्वारा मछुआरों को क्रेडिट कार्ड के साथ ही तालाब निर्माण के लिए राशि स्वीकृति के पत्र प्रदान किये गये है। इस अवसर पर सहायक मत्स्य अधिकारी मीना कोकोटे भी उपस्थित थी।

विकास यात्रा के क्रम में दिनांक 05 फरवरी को ग्राम बहेराभाटा में मछुआ समिति को दुल्हाव तालाब देने के लिए पेसा एक्ट् के तहत कार्यवाही की गई। 06 फरवरी को ग्राम दमोह की मछुआ सहकारी समिति के 33 लोगों को मछुआ क्रेडिट कार्ड पर 03 लाख 30 हजार रुपये की राशि का वितरण किया गया। बीजाटोला ग्राम में दो ग्रामीण तालाबों को 10 वर्षीय पट्टे पर आबंटन के लिए सचिव को पेसा एक्ट के तहत प्रक्रिया करने कहा गया । ग्राम अजगरा में 01 हितग्राही चम्मक मरकाम को नवीन तालाब निर्माण के लिए 03 लाख 30 हजार रुपये का वितरण किया गया । दिनांक 07 फरवरी 2023 को आदिम जाति मछुआ सहकारी समिति मुण्ड घुसरी के 61 मछुआओं को क्रेडिट कार्ड पर 03 लाख 05 हजार रुपये की राशि का वितरण किया गया ।

विकास यात्रा के दौरान ग्राम मण्डेई में जय गंगा मैया मछुआ सहकारी समिति को 113 क्रेडिट कार्ड पर 5.65 लाख रुपये का वितरण किया गया। दिनांक 08 फरवरी 2023 को आदि मछुआ सहकारी समिति बलगांव के 19 मछुआरों को मछुआ किसान कार्ड पर 95 हजार रुपये का वितरण किया गया। श्री प्रदीप कुसरे का बायो फ्लाक में दो युनिट के लिए 8.40 लाख रुपये का वितरण । श्री उनीयार परते को तालाब निर्माण के लिए प्रधानमंत्री योजना के तहत 3.30 लाख रुपये का वितरण किया गया। बैगा आदिम जाति मछुआ सहकारी समिति बांदाटोला समनापुर समिति के 23 मछुआओं को क्रेडिट कार्ड पर 01 लाख 19 हजार रुपये का वितरण किया गया । ग्राम भीमलाट में श्रीमति कौशल धुर्वे को नवीन तालाब निर्माण के लिए प्रधानमंत्री योजना के तहत 3.30 लाख रुपये की राशि वितरण ।

दिनांक 09 फरवरी को ग्राम पंचायत कटंगी में 16 हितग्राही के स्० सहायता समूह को मछुआ क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। दिनांक 10 फरवरी 2023 को ग्राम जानपुर में म.स.समिति मोहगांव को करमसरा जलाशय का 10 वर्षीय पटटा वितरण किया गया। ग्राम बोरीखेडा में ईश्वर परते को प्रधानमंत्री योजना के तहत तालाब निर्माण के लिए 4.40 लाख रुपये का स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। ग्राम बोरीखेडा के ही शिवम पन्द्रे को मछली पालन के लिए नवीन तालाब निर्माण करने 4.40 लाख रुपये की राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया.

# कोर्ट परिसर तक कैसे पहुंचा था तेंदुआ, डीएम ने खुद बताई सारी कहानी, 2 साल पहले भी दिखा था!

गाजियाबादः जिला कोर्ट परिसर में बुधवार को कोहराम मचाने वाला तेंदुआ मंगलवार रात 2:53 पर कमिश्नर ऑफिस के सामने से निकला था। इसके बाद वह कोर्ट परिसर में घुसा और छत पर छिपकर बैठा रहा। बुधवार को दिन में कोर्ट में हो रहे शोर से वह घबरा गया और वहां बैठे पॉलिश करने वाले शमीम पर हमला कर दिया। बाद में भगदड़ मचने पर वह इतना घबरा गया कि उसके सामने जो भी आया उसी पर उसने हमला कर घायल करता रहा। हालांकि इस हमले में उसने अपने दांतों की बजाए केवल पंजे से ही हमला किया, इससे किसी की जान को खतरा अधिक नहीं हुआ।

डीएम राकेश कुमार सिंह ने बताया कि वन विभाग की ओर से तेंदुए के रूट के बारे में जांच में पता लगा कि वह हापुड़ रोड इंग्राहम इंस्टिट्यूट से होते हुए राजनगर राजकुंज पहुंचा और फिर पुलिस कमिश्नर ऑफिस के सामने से निकलकर कोर्ट परिसर में घुसा। वहां लगे सीसीटीवी में सुबह 2:53 बजे उसकी फुटेज कैद हुई है। एक्सपर्ट का कहना है कि चूंकि रात में उसे कोई रास्ता नहीं मिला इसलिए वह परिसर की छत पर छिपा रहा। एक्सपर्ट ने ये भी बताया कि तेंदुआ जब किसी व्यक्ति को बैठे हुए देखता है तो वह उसे अपना शिकार समझता है। इसलिए उसने दिन में पॉलिश करने वाले को देखा और हमला कर दिया।

**राजकुंज में दो साल पहले दिखने वाला तेंदुआ ही हो सकता है**

नवंबर 2020 में राजकुंज में एक तेंदुआ सीसीटीवी में कैद हुआ था। इसके बाद कई बार तेंदुआ दिखने के मामले आए। देखने से वहीं तेंदुआ होने की संभावना जताई जा रही है। एक्सपर्ट का कहना है कि चूंकि वह कई बार इस क्षेत्र में आ चुका था इसलिए इसे यहां के बारे में पता था। वन विभाग की एक टीम इस बात की जांच भी कर रही है कि हिंडन किनारे बागपत की ओर जाने वाले रूट पर घना जंगल है। संभव हैं कि वहां और तेंदुए हों और यह तेंदुआ भी वहीं से आया हो।

दो शॉट में हुआ था तेंदुआ बेहोश

वन विभाग की रेस्क्यू टीम को तेंदुए को बेहोश करने के लिए नशीले इंजेक्शन के दो शॉट मारने पड़े। टीम के सदस्यों का कहना था कि चूंकि शोर में तेंदुआ आसानी से बेहोश नहीं होता और इस दौरान कोर्ट परिसर में शोर हो रहा था इसलिए दो शॉट मारने पड़े तब जाकर वह बेहोश होकर गिरा और टीम ने जाल डालकर उसे दबोच लिया। जिला कोर्ट परिसर में पकड़े गए तेंदुए को वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने गुरुवार को उत्तराखंड के शिवालिक जंगल में छोड़ दिया। जिला वन अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि जिस समय इस तेंदुए को जंगल में छोड़ा वह पूरी तरह स्वस्थ था और उसे कई घंटे की निगरानी के बाद ही उसे आजाद किया गया। वहीं, इस घटना के बाद वन विभाग और प्रशासन गंभीर हो गया है। अभी तक तेंदुआ या अन्य कोई खतरनाक जीव के शहरी क्षेत्र में आने पर मेरठ स्थित रेस्क्यू टीम आकर कार्रवाई करती है। बुधवार को जिस प्रकार से करीब 6 घंटे तक तेंदुए का आतंक रहा और वन विभाग की रेस्क्यू टीम करीब 4 घंटे बाद मौके पर पहुंची इसको लेकर जनपद स्तर पर भी रेस्क्यू की टीम बनाने की तैयारी है।

**एक्सपर्ट बोले, तेंदुए से घबराने की वजह**

वन्य जीवों के एक्सपर्ट सुबीर चोफिन का कहना है कि तेंदुआ ऐसा जानवर है जो अपने आप को किसी भी परिस्थिति में डालने में माहिर है। यदि उसे न छेड़ा जाए तो वह हमलावर नहीं होता। जब उसे सामने वाले से अपनी जान का खतरा महसूस होता है तभी वह हमला करता है। यदि कभी अचानक किसी स्थान पर तेंदुआ मिल जाए तो आम आदमी स्वयं पर नियंत्रण रखें और उसकी ओर सीधे न देखें साथ ही उसे उकसाने वाली ऐसी कोई हरकत न करें जिससे वह हमलावर हो। अक्सर ऐसे मामलों में तेंदुआ देखते ही लोग या तो चिल्लाना शुरू कर देते हैं या फिर उस पर पत्थर या कोई अन्य चीज फेंकते हैं जिससे वह डर जाता है और अपनी जान बचाने के लिए हमले करता है। जिला कोर्ट परिसर में भी ऐसा ही हुआ कि उसे देखकर लोग चिल्लाए और कुछ चीज फेंकी जिससे वह हमले करता रहा। जिस प्रकार से वन्य क्षेत्र समाप्त होकर उनका शहरीकरण हो रहा है ऐसे में जानवरों खासकर तेंदुए का भोजन खरगोश और छोटे जीव समाप्त हो रहे हैं इसके कारण वह खाने की तलाश में वन क्षेत्र से निकलकर शहर में आ जाते हैं।

